सर्व हिंदू उत्सव समिति की पहल से फिर दम भरने लगे अखाड़े

शाजापुर में अखाड़ों की संख्या में हुआ इजाफा, डोल ग्यारस पर विभिन्न समाज के अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

शाजापुर, 3 सितंबर. शाजापुर शहर में लगभग लुप्त होते अखाड़ों को पिछले साल विधायक अरुण भीमावद ने 25-25 हजार की राशि देकर संजीवनी देने का काम किया था. डोल ग्यारस पर निकलने वाले अखाड़ों में महज दो-चार अखाड़े ही शामिल होते थे, लेकिन सर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष नागर की पहल पर शहर के सभी समाजों को एक जाजम पर बैठाकर उनके समाज के अखाड़े निकालने के लिए जो पहल की थी, वो इस डोल ग्यारस पर नजर आई.

गौरतलब है कि डोल ग्यारस पर शाजापुर में चार-पांच समाज के ही अखाड़े निकलने की परंपरा देखने को मिलती थी, लेकिन पिछले साल सनातन के इस पर्व को जीवित रखने के लिए विधायक अरुण भीमावद ने लगभग 20 से अधिक अखाड़ों को राशि देकर डोल ग्यारस पर अखाड़ों को निकालने का आह्वान किया था. इसे सर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं सनातन प्रेमियों ने लगातार अलग-अलग समाज की बैठक लेकर डोल निकालने का आग्रह किया था. जिसका परिणाम यह है कि पिछले साल और आज निकले समारोह में 20 से अधिक डोल निकाले गए. हर समाज के लोगों डोल निकालने के लिए अपने-अपने समाज के लोगों को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि आज डोल ग्यारस पर हर समाज ने अपने अखाड़े का करतब दिखाया. श्रीकृष्ण व्यायामशाला द्वारा संचालित सर्व हिंदू उत्सव समिति के सभी ट्रस्टी, संरक्षकगण और सदस्य की आम सहमति से निर्णय लिए जाते हैं, जिसमें डोल ग्यारस के भी आयोजनों का निर्णय है. श्रीकृष्ण व्यायामशाला के ट्रस्टी वीरेंद्र व्यास, रूपकिशोर नवाब एवं अन्य ट्रस्टी, संरक्षक, नपा उपाध्यक्ष संतोष जोशी, नरेश कप्तान, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष दीपक चौहान, मनीष सोनी, सत्या वात्रे, प्रदीप चंद्रवंशी, किरण ठाकुर, धर्मेंद्र प्रजापत सहित सभी संरक्षकगण

समिति में सर्व सम्मति से निर्णय लेकर सनातन पर्व को मनाते हैं.

दम तोड़ते अखाड़ों को किया जीवित

शाजापुर में अखाड़ों की परंपरा लगभग लुप्त हो गई थी, लेकिन आज शहर में 20 से अधिक समाज के लोगों ने अखाड़ों का संचालन किया. सर्व ब्राह्मण समाज ने भी अपने अखाड़े को जीवित कर डोल ग्यारस में शामिल किया.

शहर में निकले विभिन्न समाज के अखाड़े

सरकारी डोल श्रीराम मंदिर किला परिसर, क्षत्रीय राठौर समाज अखाड़ा - उस्ताद अनोखी राठौर, मारवाड़ा राजपूत समाज - उस्ताद कन्हैया लाल, रामी माली गुजराती - उस्ताद रमेश चंद्र माली, दामोदरवंशी जूना गुजराती - उस्ताद प्रशांत चौहान, क्षत्रीय नामदेव - उस्ताद ओमप्रकाश धनोपिया, भावसार समाज - उस्ताद तुलसीराम भावसार, सोमवंशी सशस्त्र अर्जुन क्षत्रीय समाज - उस्ताद राजू खत्री, मालवीय समाज - उस्ताद राजाराम कटारिया, दास हनुमान अखाड़ा - उस्ताद गोविंद सोनी, कसेरा समाज - उस्ताद श्याम कसेरा, क्षत्रीय कुशवाह समाज - उस्ताद विक्रम कुशवाह, वीर शिवाजी अखाड़ा - उस्ताद संतोष मेवाड़ा, महावीर हनुमान अखाड़ा - उस्ताद हरी पहलवान, जय बजरंग अखाड़ा - उस्ताद विजय प्रजापति, अन्नपूर्णा अखाड़ा - उस्ताद पवन नरवले, भीम अखाड़ा - उस्ताद काशीराम गवली, मूलचंद गवली, धनराज गवली, जय भवानी अखाड़ा - उस्ताद मोहन देवतवाल, बागेश्वर अखाड़ा - उस्ताद मोहित मालवीय, गौपुत्र अखाड़ा - उस्ताद धर्मेंद्र शर्मा, वीर हनुमान अखाड़ा - उस्ताद बालकृष्ण यादव, ब्रह्मशक्ति अखाड़ा - उस्ताद भूपेंद्र शर्मा, जलज ठाकुर, राम वाल्मिकी अखाड़ा - उस्ताद आलोक पारछे, विजय हनुमान अखाड़ा - उस्ताद कमलेश अटेरिया, मंगलमुखी अखाड़ा - उस्ताद संतोष घारवे, जय बजरंग अखाड़ा - उस्ताद शुभम गुप्ता, महाकाल अखाड़ा - उस्ताद सतीश शर्मा, राम अखाड़ा - उस्ताद महेश कुशवाह.

साम्प्रदायिक सौहार्द्र के बीच निकले डोल...

डोल ग्यारस पर अखाड़े साम्प्रदायिक सौहार्द्र के बीच निकाले गए. मगरिया में मिलाद-उन-नबी के लिए जो झंडे लगाए गए थे, उन्हें डोल ग्यारस के समारोह को देखते हुए सर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष नागर और मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों ने आपसी सामंजस्य के साथ डोल यात्रा मार्ग पर लगे झंडे हटाए. ताकि विवाद की स्थिति पैदा न हो. इसे साम्प्रदायिक सौहार्द्र का ही उदाहरण कहा जाएगा.

सबकी प्रशासनिक अनुमति सर्व हिंदू उत्सव समिति कराती है...

तीन साल पहले सभी अखाड़े के उस्तादों को अपने-अपने अखाड़े की प्रशासनिक अनुमति के लिए आवेदन देना पड़ते थे. लेकिन अब सभी अखाड़ों की अनुमति श्रीकृष्ण व्यायामशाला द्वारा संचालित सर्व हिंदू उत्सव समिति द्वारा एकसाथ ले ली जाती है.

एक नजर में

जलझूलनी एकादशी पर डोल निकाले गए, हुआ स्वागत

मोहन बड़ोदिया, 3 सितंबर. ग्राम मोहन बड़ोदिया और ग्राम मोहना में बुधवार को जलझूलनी एकादशी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. ग्राम मोहना के चौधरी मोहल्ला में स्थित श्रीराम मंदिर पर भजन मंडली द्वारा दिनभर राधा कृष्ण के भजन कीर्तन चलते रहे. गांव के श्रीकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, मालवीय मोहल्ला स्थित राम कबीर मंदिर, माताजी मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर, कबीर मंदिर रामबाडी एवं श्रीराधा कृष्ण मंदिर के डोल को फूलों से श्रृंगार कर सजाया गया. उसमें भगवान लडडू गोपाल को बैठाकर पूजा अर्चना और आरती की गई. सभी मंदिर के डोल पालकी को गांव के अंबिका चौक में भजन मंडली के साथ एकत्रित हुए. अंबिका चौक से सभी मंदिर के डोल एवं मुख्य मार्ग से होकर पूरे गांव में डोल निकाले गए. डोल का सभी नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया. बुधवार शाम 6 बजे सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया.

भगवान श्रीकृष्ण की जलवा पूजन हुई, निकले डोल

शुजालपुर, 3 सितंबर. नगर में बुधवार को एक बार फिर जन्माष्टमी उपरांत डोल ग्यारस पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजे और भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गई. डोल ग्यारस के अवसर पर मंडी क्षेत्र में जहां तीन डोल निकले. वहीं सिटी में भगवान कृष्ण की आकर्षक झांकी सजाकर कई बेवान निकाले गए. विभिन्न मंदिरों से निकले डोल की पूजा अर्चना महिलाओं द्वारा फल, वस्त्र व अन्न भेंट कर सुख समृद्धि व उज्जवल भविष्य की कामना के साथ की गई. मंडी क्षेत्र के अलावा ब्रजनगर, प्रेमनगर कॉलोनी से भी डोल निकाला गया. साथ ही सिटी के बड़े बाजार में आकर्षक झांकी सजाई गई और नागरिकों ने भगवान की पूजा-अर्चना की. इस पर्व के बारे में राम मंदिर के पुजारी गोविंद शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी के बाद इस पर्व का सबसे ज्यादा महत्व होता है. इस दिन लोगों के द्वारा उपवास रखकर भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है. इस पर्व को भगवान श्रीकृष्ण की जलवा पूजा के रूप में मनाया जाता है.

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

शुजालपुर, 3 सितंबर. शासकीय सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल बोलाई की छात्रा शिवानी बगानिया और भावना बल्ला के संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ. संस्था प्राचार्य, स्पोर्ट्स टीचर महेंद्र सिंह डोडिया सहित शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को बधाई दी.

तेजाजी महाराज का चल समारोह निकला

शुजालपुर, 3 सितंबर. ग्राम ढाबला घोसी में दशमी पर तेजाजी महाराज का चल समारोह निकाला गया. उक्त कार्यक्रम बाबा रामदेव समिति की ओर से आयोजित किया गया. जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के भक्त जनों ने चल समारोह में भाग लेते हुए तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना की और भजनों की प्रस्तुति दी गई. सामाजिक कार्यकर्ता सूरज सिंह मीणा ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारे ग्राम में जय बाबा रामदेव समिति के सौजन्य से तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना कर चल समारोह निकाला जाता है. चल समारोह में बडी संख्या में भक्तगण शामिल हुए.

पिछले 24 घंटों में 47.9 मिमी औसत वर्षा

शाजापुर, 3 सितंबर. जिले में गत दिवस से सुबह 8 बजे तक कुल 47.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा तहसील मो. बड़ोदिया में 112 मिमी हुई है. इसी तरह तहसील शाजापुर में 50 मिमी शुजालपुर में 34 मिमी कालापीपल में 8 मिमी गुलाना में 76 मिमी पोलायकलां में 35 मिमी एवं अ. बड़ोदिया में 20 मिमी वर्षा हुई है. इस प्रकार 01 जून से अब तक शाजापुर में 586 मिमी, मो बड़ोदिया में 605 मिमी, शुजालपुर में 615 मिमी, कालापीपल में 663 मिमी, गुलाना में 519 मिमी, पोलायकलां में 361 एवं अ. बड़ोदिया में 311 मिमी इस प्रकार कुल 522.9 मिमी औसत वर्षा हुई है.

शुजालपुर में हाईवे पर बनाई जा रही थी नकली खाद

कृषि विभाग व प्रशासन ने की कार्यवाही, नामी कंपनी के नाम पर की जा रही थी पैकिंग, गोदाम सहित दो दुकानों को सील किया

शुजालपुर, 3 सितंबर. कृषि विभाग एवं प्रशासन ने गोपनीय सूचना के आधार पर बुधवार को शुजालपुर में आष्टा हाईवे पर कार्यवाही करते हुए एक गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली खाद की बोरियां बरामद की. इस मामले में आगामी कार्यवाही की जा रही है.

अधिकारियों की मानें तो नकली खाद बनाने की यह फर्जी इकाई लंबे समय से चल रही थी और इस स्थान पर बनाई गई नामी कंपनी के नाम से नकली खाद बाजारों में भी बेचने के लिए पहुंचाई गई है. विभाग ने इस गोदाम सहित दो अन्य खाद दुकानों को सील किया. कृषि विभाग अधिकारी राहुल पाटीदार, नायब तहसीलदार केएल चौहान सहित शासकीय अमला बुधवार की दोपहर को आष्टा रोड पर गैरखेड़ी जोड़ के समीप स्थित एक गोदाम पर पहुंचा, जहां पाया कि खाद बनाने वाली नामी कंपनी आईपीएल छपी हुई बोरियों में डीएपी खाद पैकिंग किया जा रहा था. यहां पर तोल कांटा सहित पैकिंग करने वाली मशीन व अन्य उपकरण

भी मिले. गोदाम पर मौजूद कर्मचारियों ने यह प्रतिष्ठान पवन मेवाड़ा नामक व्यक्ति का होना बताया. साथ ही गोदाम में 660 खाद के पैक किए हुए बैग सहित खुली बोरियां व खाद बनाने के लिए तैयार किया गया मिक्चर भी मिला.

लायसेंस भी नहीं था...

कृषि विभाग एसडीओ राहुल पाटीदार ने बताया कि यह कार्यवाही मिली सूचना के बाद की गई. जिस स्थान पर डीएपी खाद बनाई जा रही थी, उसका कोई लायसेंस भी नहीं है, इस गोदाम में बनी नकली खाद, राम मंदिर मंडी के समीप स्थित खाद दुकान और गैरखेड़ी जोड के समीप विशाल ट्रेडर्स प्रतिष्ठान पर भी बिक्री के लिए होने की जानकारी मिलने के बाद इस गोदाम व अन्य दो दुकानों को सील किया गया है. जांच उपरांत प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा.

युवाओं को सामाजिक और धार्मिक रूप से संस्कारित करें

शुजालपुर, 3 सितंबर. जीनगर मोची समाज शुजालपुर ने भगवान श्री बाबा रामदेव महाराज की दशमी का जम्मा जागरण एवं सामाजिक भंडारे का आयोजन उत्साह के साथ किया. इस आयोजन में शामिल होकर उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक इंदरसिंह परमार ने भगवान श्री बाबा रामदेव महाराज की पूजा अर्चना की.

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों सहित वरिष्ठजनों व शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुए हाथीराम डाबी का सम्मान किया गया. उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सनातन धर्म को आगे बढ़ने का दायित्व नवयुवकों का है, यह संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को अंतरित होते हैं, इसलिए हमारा दायित्व यह होता है कि हम नवयुवकों को सामाजिक एवं धार्मिक रूप से संस्कारित करें. मंत्री परमार ने सिटी स्थित डाबरी पुरा वार्ड क्रमांक 7 में समाज के मांगलिक भवन के विस्तार एवं पूर्ण कराने के लिए राशि प्रदान करने की घोषणा की. इस अवसर पर नगर पालिका शुजालपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनी प्रसाद परमार, जिला भाजपा महामंत्री विजय बेस, राहुल सोलंकी, पार्षद गिरधारी परमार, नरेंद्र परमार, हिम्मतसिंह परमार, बल्ला सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए. समाज अध्यक्ष नेमीचंद सांखला ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में जीनगर मोची शुजालपुर के समाजजनों सहित इंदौर, सीहोर, पचोर एवं बोड़ा से भी जम्मा जागरण में शामिल हुए.

सीबीएसई कार्यशाला में शामिल हुए शिक्षक

शुजालपुर, 3 सितंबर. सीबीएसई स्टेम, डीएलडी स्तर की कार्यशाला का आयोजन कालापीपल में किया गया. जिसमें स्कॉलर्स एकेडमी शुजालपुर के शिक्षकों ने भी भाग लिया. इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित 9 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 25 शिक्षकों की प्रतिभागिता रही. इस वर्कशॉप में 4 विद्यालयों ने सहभागिता की, स्कॉलर्स एकेडमी शुजालपुर से शिक्षक रोहित सोनी, उर्वशी नेमा, प्रसून श्रीवास्तव ने सक्रिय भागीदारी करते हुए दो प्रोजेक्ट स्वचालित सिंचाई प्रणाली रोबोटिक्स प्रोजेक्ट एवं मैट्रिक्स गणित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में अतिथियों ने शिक्षकों की प्रस्तुतियों एवं उनके नवाचारों की सराहना की. वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षकों में नवीन शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना रहा.

शिकायत बंद कराने के लिए रुपए मांगने का आरोप

शुजालपुर, 3 सितंबर. सीएम हेल्पलाईन पर दर्ज कराई गई शिकायत को वापस लेने के लिए रुपए की मांग करने की शिकायत मिलने पर पुलिस थाना शुजालपुर मंडी में समीपस्थ ग्राम के एक युवक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हुई.

पुलिस थाना मंडी से मिली जानकारी अनुसार फरियादी रतनसिंह सिंगौंड पिता पारसिंह सिंगौड वन परिक्षेत्र अधिकारी शुजालपुर ने डिप्टी रेंजर राजेश जावरिया व वन रक्षक हरिशचन्द्र सक्सेना के साथ पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 26 अगस्त को शिकायतकर्ता शिवपाल अटारिया ने सीएम हेल्पलाईन पर जामनेर नर्सरी रेंज में अव्यवस्था व कर्मचारियों के नहीं होने की शिकायत की थी. यह नर्सरी उद्यानिकी विभाग के अधीन होने के कारण वन विभाग से उद्यानिकी विभाग को शिकायत ट्रांसफर करने की बात शिकायतकर्ता से कही गई थी. इसके उपरांत शिकायतकर्ता शिवपाल अटारिया ने पुन: सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की, जिसमें बताया की डुंगलाय फ रेस्ट भूमि पर दो से तीन साल पूर्व वृक्षारोपण किया गया था, जो अभी तक कम्प्लीट नहीं हुआ और न ही उसकी देखभाल की जा रही है, जिसके संबंध में जांच के लिए शिकायतकर्ता शिवपाल को कार्यालय में बुलाया गया. शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस लेने के लिए 2 हजार की मांग की. अगले दिन सक्सेना से भी मोबाईल पर शिकायत बंद करने के लिए राशि मांगी.

सरस्वती शिशु मंदिर बेरछा में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

मक्सी, 3 सितंबर. सरस्वती शिशु मंदिर बेरछा में जिला चिकित्सालय शाजापुर के सहयोग से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विद्यालय के सभी भैया.बहनों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. इसमें विशेष रूप से आंखों की जांच, सामान्य बीमारियों की जांच और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया. आंखों की जांच अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से की गई. इस अवसर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डा.कमला आर्य ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत उपचार कराना चाहिए.

कार्यक्रम में जिला अंधत्व अधिकारी डॉ.मनोज पंचोली ने वर्तमान में चल रहे 40वें नेत्रदान पखवाड़े 25 अगस्त से 8 सितंबर की जानकारी दी और नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला. उनकी प्रेरणा से कई लोगों ने स्वेच्छा से नेत्रदान हेतु फार्म भी भरे.शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपिका शर्मा, डॉ. साक्षी गेंदाम, डॉ. प्रज्वल पाटीदार, नेत्र सहायक संजय शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर सरदार पटेल शिक्षा समिति के व्यवस्थापक सतीश मंडलोई, राजेश अंसल, विद्यालय प्राचार्य अनिल शर्मा, समस्त आचार्य दीदी और विद्यालय परिवार के सदस्यों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

एक नजर में

फर्टिलाइजर कोर्स की प्रथम बैच का हुआ शुभारंभ

उर्वरकों का फसल में महत्व सहित अन्य जानकारियां दी

शाजापुर, 3 सितंबर. सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में ं फर्टिलाइजर कोर्स की प्रथम बैच का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर हुआ. उदघाट न समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय कृषि विकास अधिकारी सुश्री रानी चौधरी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.जीआर अम्बावतिया थे, विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर ललित गोलियान फर्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया नई दिल्ली एवं कृषि आदान विक्रेता संघ भोपाल के सचिव संजय कुमार रघुवंशी थे. इस डिप्लोमा

कोर्स के फेसिलिटर डॉ. मुकेशसिंह रहेंगे.

मुख्यअतिथि डॉ.अम्बावतिया ने उर्वरकों का फसल में क्या महत्व है उस पर विस्तार से बताया. एसडीओ कृषि रानी चौधरी ने सभी फर्टिलाइजर कोर्स करने वालो को अपनी ओर से बधाई देते हुए नियम से व्यापार करने की सलाह दी. डॉ. ललित गोलियान ने कहा कि इस बैच में शामिल अभ्यर्थियों को 14 दिन की ट्रेनिंग देने के बाद परीक्षा होगी एवं 15 वे दिन सीसीआईएनएम प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा. जिसके आधार पर फर्टिलाइजर का रिटेल का लाइसेंस मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे भारत देश में बन जाएगा. सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति उज्जैन के अध्यक्ष संजय रघुवंशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने बीएससी की डिग्री इस लाइसेंस के लिए अनिवार्य की थी जिसे ऑल इंडिया संगठन के माध्यम से केंद्र सरकार से लड़ाई लड़कर 15 दिन के सर्टिफिकेट कोर्स का गजट नोटिफिकेशन 30 जुलाई 2018 को करवाया गया है और इस गजट के अनुसार फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति को मध्य प्रदेश के लिए नोडल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के रूप में नामित किया गया है. जिनके माध्यम से अभी तक मप्र में उज्जैन में 12 बैच लगाई जा चुकी है एवं धार एवं शिवपुरी में दो-दो बैच लगाकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं. इस अवसर पर डॉ. एसएस धाकड़, इफको के महेन्द्र पटेल, डॉ. गायत्री वर्मा, आदान विक्रेता संगठन के जिलाध्यक्ष परमानंद पाटीदार, सचिव सुनील पाटीदार, संजय जैन, रमेश चमन उपस्थित थे. संचालन सुनील नाहर ने किया तथा आभार डॉ. मुकेश सिंह ने माना.

नगर में जगह-जगह विराजे श्री गणेश

शाजापुर,3 सितंबर. दस दिवसीय गणेशोत्सव के अंतर्गत नगर में विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है. जहां गणेश चतुर्थी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी श्रीगणेश हो गया था. अनंत चतुर्दशी तक यहां प्रतिदिन बप्पा की भक्ति के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. बस स्टैंड स्थित टेंशन चौराहे पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर की सबसे बड़ी प्रतिमा विराजित की गई है, जिसे निहारने देर रात तक नगरवासियों की भीड़ उमड़ती रही. इस प्रतिमा को नगरवासी शाजापुर के महाराज के नाम से जानने लगे हैं. हर वर्ष टेंशन चौराहे पर आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की जाती हैं. इस वर्ष भी यह क्रम जारी रखते हुए समिति सदस्यों द्वारा क्रेन के माध्यम से नगर की सबसे बडी व आकर्षक प्रतिमा को लाया गया था.